हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 7 नवंबर 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 अधिक मूल्य पर खाद विक्रय करने वालों पर कार्रवाई...



07 जनचौपाल लगाकर महिलाओं को बताए...



## खबर संक्षेप

### 9 और 10 के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड

**सीहोर।** सरकारी स्कूलों में 9वीं और 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए गणित और विज्ञान विषय में ओलंपियाड का आयोजन किया जाएगा। ओलंपियाड में प्रत्येक विषय में 5 विद्यार्थी चयनित होंगे। प्रत्येक विषय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 2 सांत्वना पुरस्कार होंगे। प्रथम पुरस्कार स्वरूप 51 हजार है।

### किशोरी ने लगाई फांसी मौत, जांच शुरू

**सीहोर।** कोतवाली थानांतर्गत भारती नगर में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों के चलते 17 वर्षीय किशोरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु की है। पुलिस के अनुसार कोतवाली थानांतर्गत भारती नगर निवासी महेश जांगड़े की 17 वर्षीय पुत्री रोशनी ने मंगलवार की दोपहर अपने घर में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव नीचे उतारकर पीएम के लिए भेजा। देर शाम तक आत्महत्या की वजह पता नहीं चली जांच जारी है।

### रात के तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी

**सीहोर।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से सीहोर में रात के तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना जताई है

### ज्वेलरी दुकान से चोरी करने वाली एक महिला आरोपी गिरफ्तार

**नलखेड़ा।** 08 अगस्त को एक आभूषण दुकान पर सोने के लोंग देखने पहुंची महिलाओं द्वारा मौका पाकर आभूषण की एक डिब्बी चोरी कर ली गई थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। इस घटना में शामिल एक महिला आरोपी को गत 30 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। घटना में शामिल एक अन्य फरार आरोपी को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हो गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग दो माह पूर्व श्रीनाथ ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में फरार आरोपिया नीरू उर्फ सोनिया पति घनश्याम बागड़ी उम्र 39 साल निवासी ग्राम कल्याणपुरा थाना सिमलिया जिला कोटा ग्रामीण को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपिया के कब्जे से चोरी गया माल लगभग चार ग्राम सोने की नाक की बालियां जब्त की गई।

## खेल युवाओं को अनुशासन, एकता और परिश्रम की राह दिखाते हैं : करण सिंह वर्मा

# खेल शरीर के साथ ही मन, मस्तिष्क और आत्मा को भी संतुलित रखते हैं : शिवराज सिंह चौहान

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेल केवल शरीर को स्वस्थ नहीं बनाते बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा को भी संतुलित रखते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जिले के ग्राम धामंदा में सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने शहीद नायक जितेंद्र कुमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेल केवल शरीर को स्वस्थ नहीं बनाते बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा को भी संतुलित रखते हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई युवा खेल मैदान में पसीना बहाता है, तो वह केवल अपनी जीत के लिए नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व के निर्माण के लिए संघर्ष करता है। खेलों से व्यक्ति में अनुशासन, संयम, परिश्रम और टीम भावना जैसे गुणों का विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का आधार बनते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज 'फिट इंडिया मूवमेंट' और 'खेलो इंडिया' जैसे अभियानों के माध्यम से युवाओं को नयी दिशा दे रहा है। देशभर में खेलों की नई संस्कृति विकसित हो रही है, जिसमें गांवों से लेकर शहरों तक हर प्रतिभा को आगे आने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर गांव से खिलाड़ी निकले, हर बच्चा खेलों से जुड़े और भारत खेल के क्षेत्र में भी निरंतर आगे बढ़े।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने कहा कि खेल जीवन का सबसे सुंदर अध्याय हैं। उन्होंने कहा कि खेल हमें सिखाते हैं कि जीत और हार दोनों को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए। खेलों से न केवल शरीर मजबूत होता है बल्कि मन भी दृढ़ होता है। एक खिलाड़ी कभी निराश नहीं होता, वह हर हार से सीखता है और अगली बार और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लेता है। यही भावना समाज और राष्ट्र निर्माण की असली शक्ति है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, एकता और परिश्रम की राह दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा अगर मैदान में समय देगा तो कल वह किसी न किसी क्षेत्र में अवश्य चमकेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश के युवाओं में असीम ऊर्जा और प्रतिभा है, जरूरत केवल अवसर और दिशा की है। सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन इसी दिशा में एक बड़ी पहल हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री एवं राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट (खेलो इंडिया) तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक ग्राम, मंडल और जिला स्तर पर कैलेंडर अनुसार विविध खेल गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं, दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी को खेलों के प्रति प्रेरित करना, ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल संस्कृति का विकास करना तथा फिट इंडिया मूवमेंट को जन-जन तक पहुँचाना है।

कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, रायसेन भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, पूर्व विधायक रामपाल सिंह, इछावर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, गौरव सन्नी महाजन, रवि मालवीय, पंकज गुप्ता, पैरालंपिक जूडो खिलाड़ी कपिल परमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी एवं नागरिक उपस्थित थे।

## सीएम ने निरस्त किया विवादित सर्क्यूलर

# किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार है प्रतिबद्धः डॉ मोहन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



**हटाए गए संबंधित चीफ इंजीनियर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाता (किसानों) का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जारी संदेश में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस सर्क्यूलर को लेकर जनसामान्य में गलतफहमी पैदा हुई है, उस विवादित सर्क्यूलर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही विवादित सर्क्यूलर मामले से जुड़े संबंधित चीफ इंजीनियर को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार काबिज है। किसानों के समग्र उत्थान के लिए हमारी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बिजली आपूर्ति से संबंधित विवादित सर्क्यूलर को रद्द कर दिया गया है और इसे जारी करने वाले संबंधित अधिकारी पर भी विधि अनुरूप कार्रवाई की जा रही है।



## संस्कृति बोध परियोजना के लिए क्षेत्रीय अधिकारी का प्रवास

**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में गुरुवार को संस्कृति बोध परियोजना के विद्या भारती मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख राकेश दुबे का प्रवास हुआ। श्री दुबे द्वारा भैया बहिनों को संस्कृति बोध परियोजना के बारे में जानकारी प्रदान करते हुवे बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण जानकारी हमारी संस्कृति बोध की पुस्तकों से मिलती है। तत्पश्चात संकुल स्तरीय आचार्य परिवार की बैठक ली गई जिसमें परीक्षा में भाग लेने वाले भैया बहिनों एवं आचार्य दीदियों की संख्या ली तथा अगले सत्र में संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। आभार प्रधानाचार्य अशोक प्रजापति ने माना।

## उत्सव में कमला सागर स्कूल के छात्रों ने कहानी लेखन एवं विज्ञान प्रदर्शनी में पाया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में कमला सागर विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता व ज्ञान का शानदार प्रदर्शन करते हुए दो विधाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र केशव पाटीदार ने अपने मॉडल और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सभी का ध्यान आकर्षित किया, वहीं कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रियंका पाटीदार ने अपनी रचना कौशल से निर्णायक मंडल एवं दर्शकों को प्रभावित कर द्वितीय स्थान अर्जित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगणों ने विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के संचालक दिलीप तांतेड़ ने छात्रों को बधाई देते हुए कहाकि यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की अनुशासन, मेहनत और उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के सम्मान और प्रेरणा का विषय है। हमें विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर महाआरती हुई





**नलखेड़ा।** बुधवार को पूर्णिमा के अवसर पर चौक बाजार में स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर महाआरती हुई। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रात्रि 7.30 श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर महाआरती का आयोजन हुआ। महाआरती के पश्चयात राम स्तुति की गई। इस दौरान भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। महाआरती के पश्चयात महाप्रसादी का वितरण किया गया एवं जमकर आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी।

## माता रानी के दर्शनकर विधि विधान से की पूजा, लोगों ने किया भव्य स्वागत

# भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा पहुंचे नलखेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद सुरेंद्र शर्मा का बुधवार को प्रथम नगरागमन हुआ। जहाँ कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। बुधवार सायं भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहाँ उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर विधि विधान से पूजन किया गया। दर्शन पूजन उपरांत श्री शर्मा सिद्धपीठ के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम पर पहुंचे जहाँ उनके द्वारा महामंडलेश्वर श्री सांदीपेंद्र गिरी जी महाराज से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री शर्मा सांदीपेंद्र आश्रम से चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे जहाँ उन्होंने हनुमान जी का पूजन किया। पूजन उपरांत वे महाआरती में शामिल हुवे। महाआरती के पश्च्यात चौक बाजार में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन मंच बनाकर किया गया। जहाँ नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत कर श्री पंचमुखी हनुमान जी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, जिला मंत्री पवन वेदिया, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक लोढ़ा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान, महिला मोर्चा जिला महामंत्री साक्षी सकलेचा, पूर्व नप अध्यक्ष प्रेम राठौर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेश गुप्ता,मुकेश लोढ़ा, मंडल महामंत्री रितेश सोनी, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रितेश फाफरिया, पार्षद गोवर्धन वेदिया, राजाराम गुर्जर, भगवान सिंह गुर्जर पनाला, सभी मंडल के अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओ व कार्यकर्ता शामिल थे। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नगरागमन पर श्री शर्मा का नगर में कई स्थानों पर स्वागत किया गया। वही पूर्व नप अध्यक्ष प्रेम राठौर द्वारा अपने प्रतिष्ठान पर सेवफल से तोलकर प्रदेश उपाध्यक्ष का स्वागत किया गया।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने बड़ा गणपति के दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा द्वारा गुरुवार को नगर में स्थित 500 वर्षो से भी अधिक प्राचीन गोबर से निर्मित बड़ा गणपति के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वे नगर में कई कार्यकर्ताओं के निवास पर भी पहुंचे। बुधवार सायं नगर में पहुंचे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शर्मा ने रात्रि विश्राम नगर में ही किया। गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में मां बगलामुखी के आंगन में विशेष हवन अनुष्ठान करने के उपरांत वे बड़ा गणेश मंदिर पहुंचे जहाँ उनके द्वारा विघ्नहर्ता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री शर्मा ने मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम में महामंडलेश्वर श्री सांदीपेंद्र गिरी जी से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री रहे श्री शर्मा अपनी मातृ संस्था की कार्यशैली अनुसार नगर में विभिन्न कार्यकर्ताओं के निवास पर पहुंचे। श्री शर्मा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम मस्ताना एवं पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया के निवास पर पहुंचे जहां उनके परिजनों द्वारा श्री शर्मा का स्वागत किया गया।





## मित्रों और शुभचिंतकों ने दी बधाई

# सीए बनी वंशिता खंडेलवाल का गुरुकुल स्कूल में हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में नगर की प्रथम महिला सीए वंशिता खंडेलवाल का गुरुवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गौरतलब है कि वंशिता गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल की पूर्व छात्रा है जिन्होंने प्राथमिक स्तर से हायर सेकेंडरी तक की अपनी पढ़ाई गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल में की थी।

तत्पश्चात वाणिज्य संकाय से स्नातक कर सीए की तैयारी की और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर नलखेड़ा नगर की प्रथम महिला सीए बनने का गौरव हासिल किया। उक्त उपलब्धि पर गुरुकुल विद्यालय परिवार द्वारा वंशिता खंडेलवाल और उनके माता पिता को विद्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। वंशिता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और अपने शिक्षकों को दिया।

उन्होंने कहा कि मेरी इस सफलता में मेरे माता पिता ने मेरा हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालकगण प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## खबर संक्षेप

### 33 केवी बडी लाईन के कारण रहवासियों में भय

**देवास।** जिले के मुखर्जी नगर, ज्ञान सागर स्कूल, सिटी कान्वेंट स्कूल और अनुकूल नगर क्षेत्रों में बडी लाईन 33 केवी के शिफ्टिंग को लेकर स्थानीय लोगों में गहरी चिंता और भय का माहौल बना हुआ है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राहुल पवार ने इस समस्या के समाधान के लिए रहवासियों के साथ मिलकर अधीक्षण यंत्री कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और अधीक्षण यंत्री के नाम आवेदन दिया है, जिसमें उन्होंने क्षेत्र में लगातार हो रहे फॉल्ट्स और जनहानि के खतरे की ओर ध्यान आकर्षित किया है। आवेदन में बताया गया है कि यह क्षेत्र पूरी तरह से एक रहवासी इलाका है, जहां 33 केवी की बडी लाईन से न तो क्षेत्र के लोगों को कोई लाभ हो रहा है और न ही यह लाईन इलाके की जरूरतों के अनुरूप है। एक साल पहले भी इस लाईन में बड़ा फॉल्ट हुआ था, जिससे क्षेत्रवासियों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे एसी, कूलर, टीवी आदि जल गए थे। इस घटना में आउटसोर्स टीम के एक कर्मचारी की करंट लगने से दुखद मौत भी हो गई थी। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इसके बाद उन्होंने कई बार एमपीईबी से लाईन शिफ्ट करने की मांग की थी, लेकिन विभाग की सुस्त कार्यवाही के कारण आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। हालात फिर से बिगडने लगे हैं, और पिछले दो दिनों से लाईन में पुनः फॉल्ट हो रहे हैं, जिससे जनता में एक बार फिर से भय का माहौल बन गया है।

---

### कलेक्टर की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों व कार्यवाही विभागों की बैठक आयोजित

# अधिक मूल्य पर खाद विक्रय करने वालों पर कार्रवाई करें: कलेक्टर ऋतुराज सिंह

**अविवादित नामांतरण प्रकरण अधिक संख्या में लम्बित पाए जाने पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार टोंकखुर्द को शोकाज नोटिस।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में देवास जिले के सभी राजस्व अधिकारियों एवं कार्यवाही विभागों की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, एसडीएम देवास आनंद मालवीय, एसडीएम सोनकच्छ प्रिया चन्द्रावत, एसडीएम बागली शिवम यादव, एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, एसडीएम कन्नौद कन्हैयालाल तिलवारी, डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, डिप्टी कलेक्टर रितु चौरसिया सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदार एवं कार्यवाही विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश की सभी अपने-अपने क्षेत्र में अधिक मूल्य पर खाद विक्रय करने वालों पर कार्यवाही करें। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें की किसानों को निर्धारित मूल्य पर खाद मिले। जिले में कहीं से भी ओवर रेटिंग की खबर नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने पर संबंधित अधिकारी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में एसडीएम और तहसीलदारों द्वारा ओवर रेटिंग पर की गई कार्यवाहियों की जानकारी भी ली। सिंह ने विवादित और अविवादित नामांतरण एवं बटंवारा प्रकरणों की समीक्षा कर सभी लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिये। तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय टोंकखुर्द अविवादित नामांतरण प्रकरण अधिक संख्या में लम्बित पाये जाने पर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार टोंकखुर्द को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिये जन औषधी केन्द्रों का निरीक्षण करें। जन औषधी केन्द्रों पर जेनरिक दवाओं के अलावा अन्य दवाइयां नहीं होनी चाहिए। अन्य प्रकार दवाइयां मिलने पर कार्यवाही करें। राजस्व न्यायालय के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि राजस्व न्यायालय में लम्बित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाये और रीडर लॉगिंग पर लंबित प्रकरणों की समय-समय पर जांच भी करें। कलेक्टर ने जिले में श्रम, औद्योगिक सुरक्षा विभाग, नापतौल, खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की गई कार्यवाहियों की जानकारी लेकर निर्देश दिये कि यह सभी विभाग जिले में लगातार जांच कर कार्यवाही करें और अनियमित्ता पाये जाने पर संबंधितों पर कार्यवाही करें। औद्योगिक सुरक्षा विभाग उद्योगों में लगातार सुरक्षा मानकों की जांच करें। राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करें। सभी राजस्व अधिकारी ग्रामों में जाकर निरीक्षण करें। सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का एल-1 पर ही निराकरण करना सुनिश्चित करें। कोई भी शिकायत अनअटेंडेंट नहीं रहे। कलेक्टर सिंह ने डायवर्सन, रास्ता खाली कराने, अभिलेख दुरूस्ती, भू-अर्जन, संबंधी मामलों की समीक्षा कर लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिये।

---

# नाबालिग का विवाह कराने वाले रिश्तेदारों को किया गिरफ्तार

**जनसुनवाई में मां ने की थी शिकायत**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मंगलवार को नाबालिग लड़की की मां ने कलेक्टर कार्यालय देवास में जनसुनवाई में उपस्थित होकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह को अपनी आपबीती बताई कि उसकी 13 वर्ष की नाबालिक पुत्री को उसके चाचा दीपक परिहार एवं अन्य रिश्तेदारों द्वारा माता-पिता की जानकारी के बिना, उनके गुजरात जाने का फायदा उठाकर, किसी वयस्क व्यक्ति अजय परिहार से विवाह कराकर अज्ञात स्थान पर भेज दिया गया है। जिस पर से कलेक्टर ऋतुराज सिंह के द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद को उक्त घटना से अवगत कराया गया । उक्त गंभीर सूचना पर पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन एवं एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (एल - आर) संजय शर्मा एवं थाना प्रभारी बीएनपी अमित सोलंकी के नेतृत्व में थाना बीएनपी की टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। पुलिस ने प्राप्त सूचना के कुछ ही घंटे के भीतर नाबालिक बालिका को सकुशल दस्तयाब किया तथा विवाह कराने वाले मुख्य आरोपी दीपक परिहार, अजय परिहार एवं अन्य रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 9 एवं 11 बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है। कलेक्टर ऋतुराज, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने कहा कि नाबालिक बालिकाओं का विवाह एक गंभीर अपराध है। सभी नागरिकों को इस दिशा में जागरूक रहना चाहिए तथा ऐसे मामलों की तत्काल सूचना पुलिस को देना चाहिए। बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---

# राज्यमंत्री ने सौंपा जिला अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बागरी समाज के संगठनात्मक सशक्तिकरण को लेकर एक गरिमामय कार्यक्रम संपन्न हुआ। मध्यप्रदेश शासन की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी तथा बागरी युवा संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बाबू यादव ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र सौंपा और उज्वल एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि- समाज की एकता और शिक्षा ही प्रगति का सबसे बड़ा आधार है। युवा बागरी संघ के नवीन जिलाध्यक्ष एडवोकेट अरुण सिंह धोलिया बागरी ने बताया कि शीघ्र ही समाज की जनगणना करवाई जाएगी और देवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी का भव्य रोड शो के साथ स्वगात व वरिष्ठ समाज सेवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान बागरी युवा संघ के बाबू यादव बागरी, एडवोकेट सज्जन सिंह चौहान बागरी, माधव बोड़ाना मंडल अध्यक्ष सोनकच्छ, कमल सिंह बागरी सरपंच लसूड़िया खास, आष्टा, सीहोर, तथा यशवंत सिंह हरोकी रुनिजा, मंदसौर सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।अंत में समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्री बागरी और प्रदेश अध्यक्ष बाबू यादव के नेतृत्व की सराहना कर कहा कि उनके मार्गदर्शन में समाज निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हुआ है।

---

### राज्य स्तरीय शालेय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना




**देवास।** राज्य स्तरीय शालेय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 11 नवंबर तक इंदौर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए जाने वाली संभाग टीम में चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करने हेतु तथा टीम को इंदौर रवाना करने के लिए पद्मजा स्कूल प्रांगण में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उज्जैन संभाग की गर्ल्स टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए कनक जैन, करुणा मालवीय, वैष्णवी बंसोड़, अदिति गोपनारायण, रिद्धिमा राठौर और हर्षिता पंवार चयनित हुई। बॉयज टीम का प्रतिनिधित्व नैतिक जैन, वंश राजोरे, अमरनाथ शर्मा, कवलजीत सिंह और आग्न्य भाना करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व में नागपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट देकर सम्मानित किया गया। देवास जिला मिनी गोल्फ एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वप्निल जैन, सचिव अनिल श्रीवास्तव, प्राचार्या डॉ कोमल जैन, कोषाध्यक्ष भरत वर्मा, राजीव श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, कोच निधि सवनेर, शशिकांत नकसवाल, विकास देशमुख ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

---

# देववासिनी पर्वत पर कार्तिक पूर्णिमा की निरंजनी महाआरती संपन्न, श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली के पावन अवसर पर देववासिनी संस्था द्वारा देववासिनी पर्वत पर विराजमान मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा देवी की निरंजनी महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। यह आरती हर माह पूर्णिमा तिथि पर आयोजित की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता करते हैं। संस्था के सचिव महेश चौहान ने बताया कि इस बार देव दीपावली के शुभ अवसर ने आयोजन की भव्यता को और अधिक दिव्य बना दिया। पर्वत पर दीपों की श्रृंखला ने वातावरण को आलोकित किया और श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर धर्म लाभ प्राप्त किया। आरती के दौरान मंत्रोच्चार, जयघोष और भक्ति गीतों के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। संस्था के सदस्यों सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक महाआरती में भाग लिया। कार्तिक पूर्णिमा होने के कारण श्रद्धालुओं की उपस्थिति सामान्य दिनों की तुलना में कहीं अधिक रही। देव दीपावली के इस विशेष आयोजन ने देववासिनी पर्वत पर आध्यात्मिकता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। भक्तों ने दीपदान कर मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा देवी से सुख-समृद्धि की कामना की।

---

# अव्यस्था संज्ञान में आने के बाद पहुंचे तहसीलदार पंचायत के जिम्मेदारों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




खबर का असर

दैनिक हरिभूम समाचार पत्र में ग्राम गन्धर्वपुरी की अव्यवस्थाओं को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। मामला संज्ञान में आने के बाद तहसीलदार ने पंचायत पहुंचकर अव्यवस्थाओं पर पंचायत के जिम्मेदारों को फटकार लगाई और जल्द काम करवाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि पिछले दिनों दैनिक हरिभूमि में ग्राम गन्धर्वपुरी में गंदगी और अनियमितता को लेकर खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद बुधवार को तहसीलदार संजय गर्ग मौके पर पहुँचे और प्राथमिक विद्यालय में बच्चो को हो रही परेशानी को लेकर सरपंच प्रतिनिधि व सचिव सहित अन्य कर्मचारियों को फटकार लगाई। इसके बाद अव्यवस्था में सुधार को लेकर 8 दिवस में फिर से निरीक्षण करने की बात कही। तहसीलदार के पहुचने पर ग्रामीणों ने नाली की निकासी व अधूरे पड़े कार्यो को लेकर पंचायत की शिकायत की, जिसको लेकर तहसीलदार भी केवल आश्वाशन दे पाए । ग्रामीणों की समस्या अभी भी केवल आश्वासन के भरोसे चल रही है। देखते है कि जनता की समस्याओं को लेकर अब निष्क्रिय पड़ी पंचायत कुछ कर दिखती है या फिर आश्वासन के पुलिन्दे फिर से जनता को मिलते रहेंगे।

---

### 12 लाख 43 हजार मतदाताओं के 1426 मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त किए 1426 बीएलओ

# 17 हजार 341 मतदाता गणना पत्रक वितरण की जानकारी दर्ज





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में 12 लाख 43 हजार 780 मतदाताओं को 1426 मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त 1426 बीएलओ द्वारा गणना पत्रक दो प्रतियों में दिया जाएगाजिले में अब तक 17 हजार 341 मतदाता गणना पत्रक वितरण की जानकारी एप पर दर्ज कीदेवास।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवास ने बताया कि निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए आयोग के निर्देशानुसार जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिले में कुल 12 लाख 43 हजार 780 मतदाताओं को कुल 1426 मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त 1426 बीएलओ द्वारा गणना पत्रक दो प्रतियों में प्रदाय किया जाएगा, जिसे पूर्णतः भरा जाकर बीएलओ को वापस किया जाएगा, एक प्रति बीएलओ द्वारा पावती स्वरूप मतदाता को वापस दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जिले में 06 नवम्बर 2025 तक कुल 17 हजार 341 मतदाताओं को मतदाता गणना पत्रक वितरण की जानकारी ऑनलाइन बीएलओ एप पर दर्ज की जा चुकी है। उपरोक्त कार्य निरंतर 04 दिसम्बर 2025 तक चलेगा।

संपूर्ण प्रक्रिया के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर बीएलओ कार्य की मॉनिटरिंग के लिए बीएलओ सुपरवाइजर, जोनल अधिकारी नियुक्त किए गए है। साथ ही बीएलओ के सहयोग के लिए अतिरिक्त कर्मचारी लगाए गए है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनवाडी कार्यकर्ता तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकायों के वार्ड कर्मचारियों, दरोगा, राजस्व निरीक्षक को भी नियुक्त किया गया है।विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी निरंतर संपूर्ण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे है। जिला स्तर पर तथा सभी विधानसभा स्तर पर सहायता केंद्र एवं कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मतदाताओं को फार्म भरने में असुविधा ना हो इस के लिए बीएलओ एवं सहयोगी कर्मचारी विधानसभा स्तर पर सहायता हेतु उपलब्ध रहेंगे। राजनैतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल की ओर से बूथ लेवल एजेण्ट भी नियुक्त किये जाने की कार्यवाही राजनैतिक दलों की ओर से की जा रही है।

---

# शिशु मंदिर में संकुल स्तरीय दक्षता वर्ग आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

सरस्वती शिशु मंदिर चापड़ा में बुधवार को संकुल स्तरीय दक्षता वर्ग आयोजित हुआ जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला समिति सदस्य चेतन उदावत, अरलावदा प्रधानाचार्य गंगाराम, विद्यालय संयोजक मंडल सदस्य रामनारायण यादव का आगमन हुआ। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथि परिचय शारीरिक प्रमुख स्वाती जाट द्वारा कराया गया। आचार्य सुनील सेंधव एवं शुभम द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रथम सत्र में उदावत ने कहा कि भैया बहनों को राष्ट्रभक्त बनाने हेतु उनका सर्वांगीण विकास होना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों के शिक्षण पर ध्यान देना जरूरी है। रामनारायण यादव द्वारा गुरु नानक जयंती की शुभकामनाएं दी गई। द्वितीय सत्र गंगाराम घोसरिया द्वारा लिया गया जिसमें उन्होंने बीजांक, साधारण ब्याज, भिन्न के बारे में पढ़ाया। द्वितीय सत्र में सभी आचार्य दीदीयों की पढ़ाने की प्रक्रिया को देखा और उनकी त्रुटियों के बारे में बताया गया। अंतिम सत्र प्रधानाचार्य विजय सांवलिया द्वारा लिया गया जिसमे आचार्य दीदी का शुद्ध लेखन, श्यामपट्ट का प्रयोग आदि विषयों के बारे में बताया गया।सभी अतिथियों का आभार विद्यालय की लेखपाल पूजा प्रजापत द्वारा माना गया।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय में गई महिला को धमकाया

**ललितपुर।** मोहल्ला रामनगर निवासी आरती पत्नी अभिषेक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ निवासरत है। बताया कि उसके साथ हुये उत्पीडन और खाना-खर्चा के लिए उसने न्यायालय में मुकद्दमा किया था। बताया कि 4 नवम्बर को वह न्यायालय में नियत तारीख पर आयी हुयी थी। तभी उसके पति अभिषेक ने तीन अज्ञात लड़कों के साथ अपराह्न करीब 2 बजे उसे गालियां देते हुये विरोध करने पर उसे व उसकी पुत्री को जबरन उठा ले जाने की धमकी दी गयी। महिला ने बताया कि घटना का वीडियो भी उसने छत से बना लिया। कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले को लेकर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जमीनी विवाद पर परिवार में मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेरवासकलां के मजरा पुतनिया निवासी हरप्रसाद यादव पुत्र शिवदयाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 3 नवम्बर को अपराह्न करीब 3 बजे जब वह खेत पर था, तभी जमीनी विवाद को लेकर उसका भाई महेन्द्र यादव पुत्र शिवराज सिंह, शिवराज सिंहयादव पुत्र मोरलाल, लीला यादव पत्नी शिवराज, विनीता यादव पत्नी महेन्रद एकराय होकर आये और उसकी पत्नी गेंदा यादव पत्नी हरप्रसाद के साथ लाठी-डण्डा, लात-घूसों से मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### किसान से दुकानदार ने की मारपीट

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत चौकी नेहरूनगर वार्ड नं. 8 जुगपुरा निवासी सूरज सिंह पुत्र स्व.काशीराम लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह खाद लेने के लिए अमर पैलेस के पास इफको बाजार के सामने (राय ट्रेडर्स) पर रामकुमार राय की दुकान पर कृषि कार्य के लिए डी.ए.पी. खाद लेने के लिए गया था। खाद का मूल्य पूछने पर शासन द्वारा निर्धारित मूल्य की दुकान से अधिक मूल्य बताये जाने पर जब उसने विरोध किया तो दुकानदार रामकुमार राय ने अपने दो-तीन साथियों के साथ उसके साथ गालियां देते हुये धक्का-मुक्की की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि अन्य किसानों ने उसे बचाया। आरोप है कि दुकानदार ने उसे अपमानित कर उसकी सामाजिक छवि को धूमिल किया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### स्वास्थ्य और महिला बाल विकास की संयुक्त बैठक

**बरेली।** सिविल अस्पताल के सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग महिला बाल विकास की बैठक परियोजना अधिकारी श्रीमती जुलेखा खान एवं बीएमओ डॉक्टर हेमंत यादव की विशेष उपस्थिति में हुई। बैठक में गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों की पहचान और एनीमिया सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों के सर्वे पर चर्चा हुई। बैठक में डॉक्टर हेमंत यादव और महिला बाल विकास अधिकारी जुलेखा खान ने टीमों को निर्देश दिए।

### उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की महिला जनसुनवाई

# जनचौपाल लगाकर महिलाओं को बताए अधिकार, योजनाओं की जानकारी दी

### अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा की और पीड़ति महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के लिए महिला जनसुनवाई कर अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने जनसुनवाई करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला जनसुनवाई का आयोजन इसीलिए किया जाता है कि पीढ़ति महिलाओं को त्वरित न्याय मिले और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जानकारी हो सके। साथ ही सरकार की अनेकों योजनाओं का लाभ देकर महिलाओं को सशक्त बनाया जा सके। कुछ महिलाएं जानकारी के अभाव में यहां वहां न्याय के लिए भटकती हैं, लेकिन महिला जनसुनवाई में आकर उन्हें अपनी समस्या का निस्तारण मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आज जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनका निस्तारण अगली जनसुनवाई तक हो जाना चाहिए, यदि शिकायतें लम्बित रहती हैं तो सम्बंधित अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

#### 21 शिकायती पत्र प्राप्त हुए

21 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें .4 बाल सेवा योजना, 1 स्पोन्सरशिप योजना, 3 राशन कार्ड, 1 एलपीजी, 1 घरेलू हिंसा, 1 अवैध कब्जा, 1 आवास, 1 सड़क व नाली बनवाने व 8 अन्य शिकायती पत्र आये हैं, जिनमें से 07 मामलों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया और शेष शिकायतों को सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गए हैं। इस दौरान पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई, जिसमें कुल 65 मामले आये थे, जिनमें से 39 का निस्तारण हो चुका है, शेष मामले जमीनी विवाद वाले हैं, जिनका निस्तारण भी जल्द होगा। जनसुनवाई के दौरान स्टाफनर्स मुकेश कुमारी, चंचल सिसोदिया, द्रोपती चौरसिया, रेखा नामदेव ने पीएफ की धनराशि जमा न किये जाने की शिकायत की, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार महरौनी निवासी रजनी साहू ने उनके पति की दोनो किडनिया खराब होने के कारण व आय का स्रोत न होने के कारण बच्चों को बाल सेवा योजना की राशि दिलाये जाने की मांग की गई, जिस पर जिला प्रोबेशन अधिकारी को प्रकरण में जांच कर योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिये गए। ग्राम बरौदा निवासी नीलम ने सदस्य को अवगत कराया कि वह बीएससी की छात्रा है और अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती है, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रही है, इसलिए नीलम ने छात्रवृत्ति व अग्रिम शिक्षा निशुल्क दिलाये जाने की मांग की, जिस पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

#### गरीब, असहाय व जरुरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं को सुना

*ग्राम बिरारी के पंचायत भवन (सचिवालय) में जनचौपाल कर ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, असहाय व जरुरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी फरियादियों की शिकायतों का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान ग्राम की लगभग 100 से अधिक महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई और सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी न्यायिक घनश्याम भारतीय, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।*

### नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

# शिथिलता बरतने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

### प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन ने नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण कर विभागों में तैनात लिपिक व कर्मचारियों से वार्ता करते हुये आ रहे प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिये। इस दौरान नपाध्यक्ष ने लेखा विभाग का निरीक्षण किया, जहां पर लिपिक अभिषेक चौबे उपस्थित पाये गये, विभाग में समस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। इसके उपरांत निर्माण विभाग, कार्यालय अधीक्षक कक्ष, जन्म-मृत्यु पंजीयन कक्ष, सफाई स्टोर, नजूल विभाग, मुख्य अधिष्ठान विभाग, आर.डी.सी. विभाग, मुख्य स्टोर विभाग सहित कर विभाग का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों को समय से कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये। नपाध्यक्ष ने तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। कर्मचारियों से वार्ता करते हुए उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि समस्त कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित होकर विभागीय कार्यों का निस्पादन करें, यदि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी विभागीय कार्यों में लापरवाही करते हुए पाया जाएगा तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### एसपी को शिकायती पत्र भेजा

# मुकद्दमे में राजीनामा करने को लेकर धमकाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना मालथौन के वार्ड नं. 2 में रहने वाले हरीशंकर पाल पुत्र लौटूराम पाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने आरोप लगाते हुये बताया कि विनोद पाल को थाना मालथौन के ग्राम रमगढ़ा निवासी कुछ लोगों द्वारा बीती 28 अक्टूबर को महाराष्ट्र से बुलाकर थाना जाखलौन के ग्राम नयागांव में गुवरा पुल रेलवे लाइन के किनारे पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका दिया, जिसकी शिकायती पीड़ित द्वारा कई बार पुलिस प्रशसन से की, लेकिन जाखलौन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। मामले को लेकर जब उसने न्यायालय की शरण लेकर एफआईआर दर्ज करायी, जिसमें विवेचना के दौरान पांच में से केबल तीन आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की और विवेचना में अभी तक न तो न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की है और न ही आरोपितों को पकड़ा गया है। पीड़ित ने अंदेशा जताया कि पुलिस मामले में सांठगांठ कर एफआर लगाने की फिराक में है। पीड़ित ने यह भी बताया कि 5 नवम्बर को सुबह 9 बजे उक्त मुकद्दमें में आरोपित उस पर प्राणघातक हमले की फिराक में रहते हुये उसे धमका रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच जल्द करायी जाकर उसे सुरक्षा मुहैया कराये जाने की गुहार लगायी है।

### बागपत के स्कूल संचालक से रंगदारी मांगने का मामला, डीएम-एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

# जेल में बंद कुख्यात हिस्ट्रीशीट से मोबाइल बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जेल में बंद शातिर बदमाश द्वारा बागपत में संचालित स्कूल के प्रबंधक से फोन पर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के मामले से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जिला कारागार पहुंच कर गहनता से पड़ताल की। सुबह से दोपहर तक चली गहन पड़ताल के बाद जेल से पुलिस ने फोन बरामद कर लिया है। प्रकरण की लगातार निगरानी डीआईजी जेल प्रदीप गुप्ता करते रहे। बताया गया है कि ललितपुर जिला कारागार में निरूद्ध बागपत के थाना दोघट अंतर्गत ढिकौली गांव में रहने वाला ज्ञानेन्द्र ढाका ने बागपत स्थित भड़ल गांव के सीबीएसएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल राणा से फोन कर बीस लाख रुपये की रंगदारी मांगते हुये जान से मारने की धमकी दी। यह खबर के प्रकाश में आते ही ललितपुर में हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना मिलने पर सुबह ही जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक जिला कारागार पहुंच गये। दोपहर तक जेल के अंदर ही गहनता से पड़ताल की गयी। ऐसा बताया जा रहा है कि पुलिस ने कारागार से फोन भी बरामद किया है, जिससे रंगदारी मांगी गयी थी। हालांकि इस घटना के बाद से कई ज्वलन्त सवाल भी उठ खड़े हुये हैं। जेल सुरक्षा को लेकर भी यह सवाल उठ रहा है कि कारागार के अंदर फोन पहुंचा कैसे ?



#### यह था पूरा मामला

बागपत जिले के ग्राम भडल निवासी कृष्णपाल राणा पुत्र स्व.विजय सिंह ने थाना दोघट पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 नवम्बर 2025 की रात करीब 12.41 पर उसके पास ग्राम ढिकौली निवासी ज्ञानेन्द्र पुत्र कृष्णपाल का फोन आया। फोन पर उसके साथ गालियां देते हुये पैसे की मांग की गयी और जान से मारने की धमकी दी गयी। कृष्णपाल राणा ने बताया कि उसके पास बैठे नरेश पाल सिंह ने अपने फोन से फोन किया तो उसके साथ गालियों वाले लहजे में बात की गयी और रुपयों की मांग की गयी, जिसकी रिकॉर्डिंग भी है। बताया कि ज्ञानेन्द्र पहले भी मर्डर कर चुका है। बागपत के दोघट थाना पुलिस ने कृष्णपाल राणा की तहरीर पर ज्ञानेन्द्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 308 (5) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

#### इनका कहना है

प्रकरण की जांच की जा रही है। कहा कि जेल प्रशासन द्वारा एक तहरीर दी गयी है, जिसमें रंगदारी मांगने में उपयोग हुये फोन को बरामद किया गया है। रंगदारी मांगने के मामले में बागपत के दोघट थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। चार माह से ज्ञानेन्द्र ढाका जेल में निरूद्ध है। प्रकरण की गहनता से जांच करायी जा रही है। मामले में एफआईआर दर्ज की जायेगी। फोन जेल में जाने के गंभीर मामले में जो भी जांच में दोषी पाया जायेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। तीन लोग अंदर लड़े भी है, जिसमें एक चम्मच बरामद की गयी है।

**मो.मुश्ताक**, एसपी ललितपुर

### महिला की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

# कुशीनगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस से नकदी के साथ मोबाइल व दस्तावेज ले उड़े चोर

**ललितपुर।** लम्बी दूरी की चलती हुयी ट्रेनों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। चोरी की अधिकांश घटनाओं का समय देखा जाये तो आधी रात के बाद इन घटनाओं को उस समय अंजाम दिया जाता है, जब यात्रा कर रहे लोग गहरी नींद में होते हैं। हालांकि चोरी की घटनाओं को महीनों बाद दर्ज तो कर लिया जाता है, लेकिन कार्यवाही में लेट-लतीफी और आरपीएफ व जीआरपी पुलिस की शिथिल कार्यवाही से लोगों को इंसाफ के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ता है। लम्बे समय बाद जीआरपी थाने में दर्ज हुयी शिकायत में चलती ट्रेन से नकदी, मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज चोरी होने का दावा किया गया है।

महाराष्ट्र राज्य के नवी मुम्बई के जिला ठाणे अंतर्गत थाना वाशी के ग्राम एफ. 1/6/6 एफ 1 प्रकार का अपार्टमेंट सेक्टर-5 वाशी निवासी साबरीन खान पत्नी हमीद उल्लाह खान ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह ट्रेन नं. 22537 कुशीनगर सुपरफास्ट कोच संख्या ए-2 बर्थ नं. 47 पर सवार होकर बस्ती से मुम्बई एलटीटी तक यात्रा कर रहा था। बताया कि कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन निकलने के बाद वह सो गयी। 5 नवम्बर को सुबह करीब 4 बजे करीब उसकी नींद खुली थी तो उसका लेडीज पर्स पिट्ठू बैग, जिसके अंदर ओफो कम्पनी का मोबाइल फोन, करीब 24 हजार रुपये की नकदी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस था, जो कि चोरी हो गया। बैग की उसने काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। जीआरपी पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# दूसरी शादी कर पहुंची महिला को ससुरालियों ने जलाकर घर से निकाल दिया, जांच शुरू

### महिला ने पुलिस को दी तहरीर, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम अडवाहा व हाल निवासी जखौरा के ग्राम प्रतापपुरा निवासी उर्मिला सहरिया पत्नी प्रसन्न अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि करीब 17 वर्ष पहले उसकी शादी महानगर झांसी के थाना रक्सा अंतर्गत ग्राम पाली निवासी अजब सिंह से हुयी थी, जिससे उसे एक पुत्र हुआ। इसके बाद अजब सिंह ने 13 वर्ष पहले उसका परित्याग कर अन्य लड़की के साथ भाग गया था, तब उसे जानकारी नहीं थी। काफी वर्षों तक एकांकी व निरस जीवन जीने के बाद उसके परिचित व्यक्ति ग्राम दैलवारा के सिद्धपुरा निवासी प्रसन्न पुत्र भागीरथ अहिरवार ने चार वर्ष पहले उससे मंदिर में शादी कर ली थी।

शादी के बाद प्रसन्न व ससुरालियों में ससुर भागीरथ, सास गुडडी, जेठ महेश, इमरत, जेठानी रामवती, बंटी, रीना ने उससे दहेज में एक मोटर साइकिल व आवासीय प्लाट की मांग की, जिससे मना करने पर उक्त लोगों ने उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। बताया कि प्रसन्न से उसे एक और पुत्र हुआ। बच्चा होने के बाद भी ससुरालियों ने उसे प्रताड़ित करना नहीं छोड़ा और बच्चा होने के चार माह बाद ससुरालियों ने उसे जला दिया, जिसमें उसने अपनी जान बचायी और उसके माता-पिता ने उसका उपचार कराया। महिला ने बताया कि उसके ससुरालियों ने उसे घर से भी निकाल दिया। अब पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खड़ोवरा गांव में हुई घटना

# पुरानी रंजिश को लेकर भिड़े दो पक्ष, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम खड़ोवरा निवासी कमल सिंह पुत्र महाराज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 5 नवम्बर को सुबह 9 बजे उसका छोटा भाई कोमल पुत्र प्रताप अपने खेतसे घर की ओर आ रहा था। तभी निहाल पुत्र फर्सराम, रामजीवन पुत्र करतार, छोटू पुत्र फर्सराम, फर्सराम पुत्र समरथ एकराय होकर आये और आये और पुरानी रंजिश के चलते उसके छोटे भाई से बात-विवाद करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। जब उसके भाई ने विवाद करने से मना किया तो उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। इस हमले में उसके भाई को सिर में गंभीर चोटें आयीं। घटना को देख गांव के लोगों ने, उसने व परिजनों ने बीच-बचाव किया। तो उक्त लोग मौके से जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से निहाल सिंह पुत्र परसराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि खेत के पास स्थित मकान पर था, तभी कोमल यादव पुत्र प्रताप सिंह, कमल सिंह व जहिन्दर पुत्रगण महाराज सिंह, माधव सिंह पुत्र बाबूलाल एकराय होकर आये और गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मतदेय स्थलों के सम्भाजन पर राजनैतिक दलों के साथ जिलाधिकारी की बैठक

# सुझाव व आपत्तियों का भौतिक सत्यापन के आधार पर निस्तारण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन के पश्चात सम्भाजन/समायोजन पर विचार विमर्श व सुझाव आमंत्रण हेतु जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर दोनों विधानसभाओं के रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से संक्षिप्त परिचय लिया गया और आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदेय स्थलों के सम्भाजन आलेख राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया। बताया गया कि आयोग द्वारा अर्हता



तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर मतदेय स्थलों के सम्भाजन हेतु निम्न तिथियां निर्धारित की गई हैं, जिसके अंतर्गत 06 से 7 नवम्बर तक मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार किये जायेंगे, 10 नवम्बर को आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन होगा और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को यह सूची उपलब्ध करा दी जाएगी। 18 नवम्बर को वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठकों के आयोजन के पश्चात शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अन्तिम रुप दिया जाएगा। 20 नवम्बर को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी संलग्नकों सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को आयोग के अनुमोदनार्थ भेजने हेतु उपलब्ध कराया जाएगा तथा 24 नवम्बर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा सम्भाजन सम्बंधी प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जाएगा।

#### उपलब्ध कराए आलेख के सम्बंध में सुझाव आमंत्रित किए

जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से उन्हें उपलब्ध कराये गए आलेख्य के सम्बंध में सुझाव आमंत्रित किये और किसी भी त्रुटि को निराकरण हेतु अवगत कराने की अपेक्षा की गयी। साथ ही ऐसे मतदेय स्थल जो घनिष्ठ आबादी या संकुचित स्थान वाले हैं को चिन्हित कर अवगत कराने को कहा गया। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा दिये गए सुझावों को अंकित करते हुए दोनों विधानसभाओं के उप जिलाधिकारियों को भौतिक सत्यापन के आधार पर निस्तारित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से जनपद के सभी बूथों पर हमारे बीएलओ के साथ-साथ अपना बीएलए भी तैनात करने का आग्रह किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी/निरजिअधि, 226-ललितपुर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी/ सनिरजिअधि, 227-महरौनी रजनीश वाजपेयी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुॅवर सिंह यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह एवं राजनैतिक दलों से जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी हर दयाल सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष बहुजल समाज पार्टी अमन संतोष आदि मौजूद थे।

सांची दुग्ध संघ की चलित टेस्टिंग लैब को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# दूध का दूध, पानी का पानी अभियान के तहत होगी मिलावट की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



सांची दुग्ध संघ भोपाल द्वारा 'दूध का दूध-पानी का पानी' अभियान के तहत चलित टेस्टिंग लैब को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा व विधायक अमर सिंह यादव ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 6 नवंबर से 16 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर इसकी अवधि बढ़ाई जा सकती है।

इस अभियान में आमजन सांची तथा अन्य ब्रांड एवं खुले दूध व उत्पादों का निशुल्क परीक्षण अपने समक्ष करा सकते हैं। उपभोक्ताओं द्वारा नियमित रूप से उपयोग में लिए जाने वाले सांची तथा अन्य ब्रांड तथा खुले दूध के खाद्य पदार्थ जैसे दूध, घी, पनीर एवं दही इत्यादि का परीक्षण उपभोक्ताओं के समक्ष किया जाएगा। इन जांचों में दूध में फैट, एसएनएफ, प्रोटीन, लैक्टोज, पानी, यूरिया, सुक्रोज, ग्लूकोस, नमक, स्टार्च, न्यूट्रलाइज, वेजिटेबल ऑयल तथा अमोनियम सल्फेट के मिलावट की जांच की जाएगी। इसके साथ ही पनीर में स्टार्च व दही में स्टार्च सहित ग्लूकोज, सुक्रोज, यूरिया एवं माल्टोज की मिलावट का परीक्षण किया जाएगा। इसी तरह घी की प्रारंभिक गुणवत्ता की जानकारी भी तत्समय ही उपभोक्ताओं को दी जाएगी तथा मिलावट मिलने पर इसकी विस्तृत जानकारी 48 घंटे के अंदर वाट्सएप के माध्यम से संबंधित उपभोक्ता को दी जाएगी।

### 6 नवंबर से ब्यावरा में होगी टेस्टिंग

अभियान के प्रथम चरण में 6 से 09 नवम्बर को ब्यावरा में शिव धाम सोसाइटी, नीम चौराहा, गांधी चौक, मेन मार्केट, अपना नगर कॉलोनी, जगत चौक, जैन मंदिर के पास टेस्टिंग की जाएगी। इसी तरह आगामी तिथियों में यह अभियान राजगढ़ के तिलक मार्ग, इंदिरा कॉलोनी, भंवर कॉलोनी तथा बिरजीपुरा में आयोजित होगा। इस अवसर पर सुश्री निधि सिंह राजपूत प्रभारी (ग्रामीण विपणन) भोपाल दुग्ध संघ सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम

# डायल-112 के चालकों का हुआ ड्राइविंग टेस्ट, सीपीआर का भी प्रशिक्षण दिया



**राजगढ़।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिले को डायल 112 के नवीन 22 वाहनों का आवंटन किया गया है। डायल 112 के माध्यम से जिले में आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता एवं समस्याओं के समाधान हेतु यह वाहन निरंतर सक्रिय रहते हैं। इन्हीं डायल-112 वाहनों के चालकों हेतु ड्राइविंग टेस्ट एवं प्रशिक्षण का कार्यक्रम बुधवार को पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के मार्गदर्शन में हुए प्रशिक्षण में कुल 88 पायलट चालक सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण के दौरान चालकों को वाहन संचालन के मानक मापदंडों, वाहन के विभिन्न पार्ट्स, इंजन की तकनीकी जानकारी एवं संचालन के दौरान उत्पन्न समस्याओं के त्वरित समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। राजगढ़ पुलिस का यह प्रयास त्वरित सहायता सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने तथा आमजन को आपात स्थिति में बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### चिकित्सकों ने बताया कैसे दी जाती है सीपीआर

साथ ही जिला चिकित्सालय राजगढ़ की मेडिकल टीम द्वारा चालकों को दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान "गोल्डन अवर" के महत्व पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. बृजेश वर्मा एवं चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. योगेन्द्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संचालन में रक्षित निरीक्षक उर्मिला चौहान, निरीक्षक संजय ठाकुर सहित समस्त पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# ठगी के आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**कुरावर।** विगत दिनों नगर में बुजुर्ग पेंशनधारी माटसाहब से हुई ठगी के आरोपियों को कुरावर पुलिस ने 48 घंटे में खोज कर गिरफ्तार कर लिया है। इसका खुलासा बुधवार शाम 4:30 पर नरसिंहगढ एसडीओपी मिनी शुक्ला ने कुरावर थाना परिसर में किया। उल्लेखनीय है कि 01 नवम्बर को फरियादी बाबूलाल शर्मा उम्र 90 वर्ष बैंक ऑफ इंडिया से पेंशन के 59000 रुपए निकाल कर अपने घर जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल से 2 व्यक्ति आए और धोखाधड़ी कर 50000 रुपए ठगकर ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 393/25, धारा 318(4), 3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी मदद से आरोपी गोकुल पिता कुमेर सिंह राजपूत उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम साकतखेड़ी थाना सलसली जिला शाजापुर से तथा दूसरे आरोपी राजेंद्र पिता मांगीलाल राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी कारोड़िया थाना मकड़ोन जिला उज्जैन से 3 नवंबर को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया तथा धोखाधड़ी कर ठगकर ले गए 50000 रुपए सहित घटना में प्रयोग कि गई बाइक को भी जप्त किया तथा आरोपी को न्यायालय में पेश कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस पूरे प्रकरण के खुलासे में थाना निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई, उप निरीक्षक अरविंद सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक राहुल कारपेंटर, आरक्षक मुकेश मीणा एवं सायबर सेल प्रधान आरक्षक शशांक व आरक्षक पवन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मरीज और डॉक्टर के बीच हुई कहासुनी, डॉक्टर से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में बुधवार को डॉक्टर और मरीज के बीच हाथापाई का मामला सामने आया। जिसमें खुजनेर हॉस्पिटल में पदस्य डॉक्टर विशाल सिसोदिया के साथ मरीज के परिजनों द्वारा मारपीट की गई। बताया जा रहा मरीज के परिजन स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट पेशेंट पायल वर्मा से मिलने पहुंचे थे। इसी दौरान डॉ विशाल सिसोदिया राउंड पर गए थे उसी समय कहासुनी शुरू हुई जो मारपीट तक पहुंच गई। दोनों पक्षों ने खुजनेर थाने में पहुंच मामला दर्ज कराया है। डॉ विशाल ने बताया दो बजे के लगभग एक पेशेंट भर्ती थी श्यामा गौर को देखने गया था उसी वार्ड में एक पेशेंट पायल वर्मा



भी भर्ती थे उनके परिजनों की काफी भीड़ भाड़ थी। जब महिला वार्ड से पुरुष को बहार निकलने का कहा गया तो मरीज के परिजन बोले हम हमारे मरीज के साथ ही रहेंगे। मैने बोला महिला वार्ड में पुरुष का आना प्रतिबंध है जिसके बाद मेरा वीडियो बनाने लगे। मैने मना किया तो मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी गई ओर सिर में पीछे से स्टील के ग्लास मार दी जिसके बाद में बेहोश हो गया। उसके बाद मेरे स्टाफ द्वारा मेरा बचाव किया बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले को शांत करवाया गया वहीं थाना प्रभारी शिवचरण यादव द्वारा बताया गया कि मरीज बोडा सेदरा की थी जिनकी मंगलवार को डिलेवरी हुई थी जिनके परिजन मिलने पहुंचे थे परिजन द्वारा भीड़ भाड़ की जा रही थी उसको लेकर कहासुनी दौरान डॉ के साथ मारपीट हुई है जिसमे सतीश मेघवाल पिता दिनेश मेघवाल सचिन मेघवाल पिता दिनेश मेघवाल दिनेश मेघवाल पिता भंवरलाल मेघवाल सेदरी बोडा पर शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित अन्य धाराओं पर मामला दर्ज किया गया है।

# पुलिस ने कर्तव्य के साथ मानवता दिखाकर युवक की जान बचाई

**कुरावर।** पुलिस अधीक्षक राजगढ द्वारा अपराध नियंत्रण के लिए जिले भर में वारंटी सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस द्वारा कई वारंटियों व अपराधियों को पकड़ा गया। इसी कड़ी में एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला (भापुसे) द्वार एएसआई संजय झा, एएसआई शशिकांत दुबे, आरक्षक चंद्रभान, आरक्षक विष्णुप्रसाद दांगी व सैनिक राजू कुशवाह थाना बोड़ा से वारंटियों की धर पकड़ कर वापस लौट रहे थे तभी सुबह 8 बजे कोटरीकला से झाडला के बीच रेलवे के निर्माणाधीन अंडर पुल के पास दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति गंभीर अवस्था में पड़ा देखकर उक्त पुलिसकर्मियों ने वहीं रूक कर थाना प्रभारी कुरावर को सूचित किया तथा 108 वाहन को सूचना कर घायल के परिजनों को सूचना पहुंचाई तथा 108 एम्बुलेंस के आने तक वहीं रूककर घायल आत्माराम वर्मा निवासी विसारथी को थाना कुरावर को त्वरित कार्यवाही कर अस्पताल रवाना किया तथा घायल व्यक्ति की जान बचाने में मदद की। दुर्घटना में घायल आत्माराम के परिजन व ग्रामवासियों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।

# जिला अधिवेशन में प्रदेश एवं संभाग स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की रही उपस्थिति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अधिवेशन के दौरान प्रदेश से मनोनीत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सर्वसम्मति से राज्य कर्मचारी संघ जिला राजगढ़ अध्यक्ष पद पर नागेंद्र सिंह गुर्जर को मनोनीत किया गया। जिला सचिव यशवंत यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, जिला संगठन मंत्री फूल सिंह वर्मा, 10 उपाध्यक्ष, 5 सह सचिव, मीडिया प्रभारी, प्रचार मंत्री आदि पदों पर नियुक्त किये गए। साथ ही जिले की जिला कार्यकारिणी, तहसील कार्यकारिणी एवं विकासखंड कार्यकारिणी की घोषणा भी विधिपूर्वक की गई। कार्यक्रम का संचालन अशोक यादव द्वारा प्रभावपूर्ण तरीके से किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन ब्यावरा विकासखंड अध्यक्ष सी.एल. द्वारा किया गया। अधिवेशन के उपरांत सभी कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों के सहभोज के साथ कार्यक्रम का शालीनतापूर्वक समापन किया गया।

### कैरम खिलाड़ी कैलाशचंद शर्मा का 70 वर्ष की उम्र में निधन

**कुरावर।** नगर में मंगलवार शाम शोक की लहर



दौड़ गई, जब यह खबर मिली कि नगर के सर्वश्रेष्ठ कैरम खिलाड़ी एवं व्यवसायी कैलाशचंद शर्मा का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कई दिनों से लंबी बीमारी से जूझ रहे थे। कैलाशचंद शर्मा न केवल एक उत्कृष्ट कैरम खिलाड़ी थे, बल्कि क्रिकेट की दुनिया में भी उन्होंने अंपायर के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके खेल कौशल के बारे में कहा जाता था कि जब वे केरम खेलते थे, तो एक बार उनके हाथ में स्ट्राइकर आ जाने के बाद विपक्षी खिलाड़ी की हार लगभग तय हो जाती थी। वे धार्मिक और समाजसेवी स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार सुबह 10 बजे उनके निज निवास से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। उन्हें मुखाग्नि उनके पुत्र रोहित, गिरीश और रितेश ने दी। नगरवासियों ने उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

# महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में ऑपरेशन मुस्कान कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

कार्यक्रम में बताया की वर्तमान समय में बालिकाओं से होने वाली छेड़खानी, टच अप जैसी जानकारी अपने माता-पिता को तुरंत शेयर करना चाहिए। क्योंकि समय अनुसार हर अपराध के पीछे शुरुआती छोटे मामले होते हैं जो हमारे परेशानी का कारण बनते हैं। जैसे आजकल जो मामले लड़के और लड़कियों के भागने पर आते हैं तो यह इसी कारण होता है कि कोई लड़का लड़की शुरू में बहला फुसला कर बातें करता है और फिर बाद में दबाव बनाकर लड़की को ले जाता है। बच्चों को मार्गदर्शी करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हमें आगे क्या करना है हम पढ़ाई क्यों कर रहे हैं हमें अपने माता-पिता की आर्थिक स्थिति को देखते हुए पढ़ाई करना चाहिए। अधिकांश परिवार खेत किसानी का काम करते हैं या अधिकारी अपने ऑफिस का दिन भर काम करते हैं , अगर किसी बच्चों के माता-पिता उनका समय नहीं दे पाए तो उनके बारे में कभी गलत नहीं सोचना चाहिए और वह जो



भी कर रहे हैं वह अपने बच्चों के लिए करते हैं। यातायात संबंधित जानकारी बच्चों को बताई पैदल या वाहन चलाते समय आवागमन का पुरा ध्यान रखें। जिससे आने वाले वाहन या कोई घटना से बचा जा सके।नशा मुक्ति के बारे में भी बताया अगर किसी के परिवार में कोई नशा करता है और नशे की आदत छुड़ा सकते हैं।

मुख्य मार्ग पर लगा जाम, महिलाएं हुई परेशान

# संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती पर निकली शोभायात्रा



**नरसिंहगढ़।** संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती के उपलक्ष्य नामदेव दर्जी समाज द्वारा सोमवार को नगर में शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर एक बजे थावरिया स्थित चापावन्त मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा प्रारंभ की गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची जहाँ विधिवत शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक मंगल गीत गाए, वहीं पुरुषों और बच्चों ने जमकर जयकारे भी लगाए। इस दौरान समाज बंधुओं ने संत नामदेव की आकर्षक झांकी भी सजाई जो नगर वासियों के आकर्षण का केंद्र रही। समापन अवसर पर मंदिर में पूजन तथा प्रसादी वितरण किया गया। समाज बंधुओं ने सन्त नामदेव जी के आदर्शों पर चलकर सामाजिक एकजुटता और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर कीर्तन दीवान व लंगर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में राजगढ़ रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में श्रद्धा और उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया, जिसमें दिल्ली से पधारे प्रसिद्ध रागी भाई राम सिंह ने मधुर शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कीर्तन उपरांत गुरु का अटूट लंगर वर्ताया गया, जिसमें तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक भोजन प्रसादी ग्रहण की। सभी को वाहेगुरु सिमरन करते हुए प्रसाद वितरित किया गया।

गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर राजगढ़ रोड का नाम बदलकर "गुरु नानक मार्ग" रखने की घोषणा'इस अवसर पर विशेष



कीर्तन दीवान, अरदास एवं लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में संगत ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने सरबत दा भला की अरदास की और घोषणा की कि राजगढ़ रोड का नाम बदलकर "गुरु नानक मार्ग" रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी आधिकारिक प्रक्रियाएं पूर्ण होने के बाद इस मार्ग का नाम औपचारिक रूप से बदल दिया जाएगा। राज्यमंत्री पंवार ने संगत को गुरु नानक देव जी के जीवन की महानता और उनके उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोना सुस्तानी ने भी सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। वहीं, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा जी ने गुरुद्वारे में माथा टेककर की अरदास। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और भाईचारे का वातावरण रहा। संगत ने बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ गुरु नानक देव महाराज का प्रकाश पर्व मनाया।

### श्री सत्यनारायण मंदिर में अन्नकूट महोत्सव, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**नरसिंहगढ़।** नगर के प्राचीन रियासत कालीन श्री सत्यनारायण मंदिर में सोमवार शाम को भक्तिभाव और उत्साह के साथ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महोत्सव के अवसर पर मंदिर को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया। गर्भगृह को पुष्पों से अलंकृत किया गय। मंदिर पुजारी हर्षित वैष्णव ने देव प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया। शाम के समय विधि-विधान से भव्य महाआरती सम्पन्न हुई, जिसके दौरान परिसर भवन सत्यनारायण के जयकारों से गूंज उठा। धार्मिक अनुष्ठान के बाद महाप्रसादी वितरण हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर में आयोजित भजन संध्या में गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी उल्लेखनीय है की प्रसिद्ध सत्यनारायण मंदिर में वर्षभर धार्मिक आयोजनों का दौर चलता रहता है।

### नदी में कूदी महिला, होमगार्ड जवानों की सूझबूझ से बची जान

**विदिशा।** मंगलवार को बेतवा नदी के बड़े पुल पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक महिला ने पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या का प्रयास किया। रंगियापुरा मोहल्ला निवासी 38 वर्षीय महिला पुल की रेलिंग पर चढ़ गई, तभी घाट पर तैनात होमगार्ड जवान वीरेंद्र रघुवंशी और दशरथ सिंह राजपूत ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे बचा लिया। जवानों ने बातचीत से ध्यान भटकाया और सुरक्षित नीचे उतारा। बताया गया कि पारिवारिक कलह और पति के नशे की लत से परेशान होकर महिला घर से बिना चप्पल-गहनों के निकल गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित थाने ले जाया गया। होमगार्ड जवानों के इस मानवीय कार्य की स्थानीय नागरिकों ने प्रशंसा की है।